तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 दोस्तों के साथ घर लौट रहे युवक की दंतैल ने कुचलकर ली जान




## खबर संक्षेप

### चैनपुर में पोषण माह का समापन



**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत चैनपुर में गुरूवार को पोषण माह का समापन समारोह बड़े उत्साह और सहभागिता के साथ मनाया गया। एक माह तक चले इस अभियान ने न केवल माताओं और बच्चों में पोषण के महत्व को उजागर किया, बल्कि पूरे ग्राम को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक सुधार की दिशा में नई चेतना भी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती मीना कुमारी ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य किसी भी समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने उपस्थित माताओं को संतुलित आहार अपनाने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की।

### संभागीय अधिमान्यता समिति के सदस्य बने प्रवीन्द, योगश

**बैकुण्ठपुर।** जनसंपर्क विभाग छग शासन द्वारा सरगुजा संभाग के लिए गठित संभागीय अधिमान्यता समिति में जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह और महासचिव योगेश चंद्रा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस निर्णय के बाद कोरिया-एमसीबी जिले के पत्रकारों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर व्याप्त है। सभी ने दोनों पत्रकारों को बधाई देते हुए इसे कोरिया-एमसीबी जिले के पत्रकारिता जगत के लिए गर्व का विषय बताया है। समिति में शामिल होने पर दोनों पदाधिकारियों ने जनसंपर्क विभाग एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।





### गोड़वाना सांस्कृतिक विजय महोत्सव 20 को

**मनेन्द्रगढ़।** गोड़वाना समय विकास क्रांति आंदोलन छग द्वारा 15 वें वर्ष का गोड़वाना सांस्कृतिक विजय महोत्सव आगामी 20 अक्टूबर 2025 को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन इमली गोलाई, तकवा कोल्ड स्टोरेज के पास जिला एमसीबी में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलेश्वर सिंह मरकाम, राष्टीय अध्यक्ष एवं विधायक पाली-तानाखार होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्टीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष गोंगपा संजय सिंह कमरो करेंगे। रात्रिकालीन सत्र में गोड़वाना स्वर लहरी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें ति. दिलसार मरकाम (सूरजपुर) एवं उनकी टीम द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने बताया कि यह महोत्सव गोड़वाना संस्कृति, परंपरा और एकता के संवर्धन का प्रतीक है, इसमें काफी संख्या में सामाजिक बंधुजन, कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल होंगे।

### कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** सैनिक स्कूल अंबिकापुर जो रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित है, मेंड्राकला, जिला सरगुजा छग में स्थित है। विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन राष्टीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। योग्य अभ्यर्थी राष्टीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 30 अक्टूबर सायं 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा का आयोजन जनवरी 2026 में किया जाएगा, जिसकी विस्तृत जानकारी एनटीए द्वारा जारी सूचना पत्र में उपलब्ध है।

### अब-तक 50 करोड़ रूपए का कृषि ऋण वितरित

# कोरिया जिले में 1 लाख 37 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन 15 नवंबर से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। खरीफ वर्ष 2025-26 में कोरिया जिले के लिए 1 लाख 37 हजार 468 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है।

■ 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर होनी है धान खरीदी

विगत खरीफ वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों की संख्या 20 हजार 117 थीं, जिसमें से 19 हजार 606 किसानों ने उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय किए थे। वहीं जिले में 65 करोड़ रूपए कृषि ऋण के विरूद्ध अब-तक 15 हजार 679 किसानों को 50 करोड़ रूपए का कृषि ऋण वितरण किया जा चुका। मिली जानकारी के मुताबिक 18 हजार 494 किसानों का कैरी फारवर्ड किया गया है। इस वर्ष साख सहकारी समिति सहित 21 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी के लिए टोकन आवेदन प्रक्रिया 9 नवंबर से प्रारंभ होगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 अक्टूबर तक धान उपार्जन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में जिन किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हुआ है, ऐसे किसानों का पंजीयन कराने में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को उपज का सही दाम मिल सके। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कृषि, सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड तथा नोडल अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि यह राज्य सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन की प्रक्रिया को अधिक कृषक उन्मुख, दक्ष और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विभागों के बीच समन्वय और प्रशिक्षण आवश्यक है। धान उपार्जन एवं ⏭ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

#### सीमावर्ती इलाकों में बनेंगे चेक पोस्ट

जिले के उपार्जन केन्द्रों को पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर अतिसंवेदनशील, संवेदनशील एवं सामान्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। संवेदनशील केन्द्रों पर पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से प्राप्त अलर्ट के आधार पर उड़नदस्ता दल तत्काल कार्रवाई करेंगे। सीमावर्ती उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त चेक पोस्ट की स्थापना भी की जा रही है, ताकि अवैध धान की आवक को रोका जा सके। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## क्वांटम युग में अंशिका बनीं टॉपर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्टीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता विगत दिनों शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर में संपन्न हुआ।

■ अब करेंगी राष्ट्रीय मंच पर प्रतिनिधित्व

संगोष्ठी का विषय था क्वांटम युग का आगाज- संभावनाएं एवं चुनौतियां। इस प्रतियोगिता में सेजेस महलपारा बैकुंठपुर की प्रतिभाशाली छात्रा कु. अंशिका कश्यप ने अपने उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसे नई वैज्ञानिक-तकनीकी क्रांति कहा जाता है, क्योंकि इसमें कंप्यूटिंग, संचार व सेंसरिंग जैसी प्रणालियाँ क्वांटम कणों के असामान्य व्यवहार का लाभ उठाकर काम करती हैं, इसे इस तरह से समझ जा सकता है, सिक्के को उछालने पर गिरते ही वह या तो हेड होगा या टेल, लेकिन हवा में घूमते समय वह दोनों स्थितियों में एक साथ रहता है, इसी तरह क्वांटम कण भी एक ही समय में बहुत-सी अवस्थाओं में हो सकते हैं, जिसे सुपरपोजिशन कहते हैं।

अंशिका ने यह उपलब्धि प्राचार्य अभय कुमार शर्मा एवं भौतिकी विषय की व्याख्याता श्रीमती शिल्पी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में हासिल की है। राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने के साथ ही कु. अंशिका कश्यप को अब राष्टीय स्तर पर छग राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त होगा। यह उपलब्धि न केवल उनके विद्यालय, बल्कि पूरे कोरिया जिले के लिए गर्व का विषय है।

## श्रमवीर स्टेडियम में लगेंगी 13 पटाखा दुकानें



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

दीपावली पर्व की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार की शाम नगर पालिका कार्यालय में पटाखा दुकानों की अनुमति एवं व्यवस्था को लेकर व्यापार संघ और प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, नपाध्यक्ष अरूण जायसवाल, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, राजस्व निरीक्षक श्रीमती माहेश्वरी पैकरा, पार्षद कुमुद मिश्रा, उप पुलिस निरीक्षक सोनवानी, नगर पालिका कर्मचारी एवं स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक में दीपावली पर्व के दौरान लगने वाली पटाखा दुकानों की सुरक्षा, स्वच्छता, अग्निशमन व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी श्रमवीर स्टेडियम परिसर में पटाखा बाजार लगाया जाएगा। नगर पालिका ने प्रतिवर्ष की भाँति इस बार भी दुकानों के आवंटन के लिए लॉटरी सिस्टम अपनाया, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और विवाद रहित रहे। लॉटरी के माध्यम से कुल 13 व्यापारियों को दुकान लगाने की अनुमति दी गई। चयनित दुकानदारों के नाम इस प्रकार हैं। विद्यासागर, मो. खुर्शीद अंसारी, मो. जैनुल, प्रकाश शर्मा, संजीव कुमार सिंह, रंजन शर्मा, मोनू ठाकुर, भानू प्रताप सिंह, अमन कुमार शर्मा, नौशाद आलम, इरशाद आलम, जमालु, रानी शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रत्येक दुकानदार को नगर पालिका द्वारा 15-15 फीट क्षेत्रफल में दुकान लगाने की अनुमति दी गई है।

■ नगर पालिका ने लॉटरी सिस्टम से किया चयन

नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया कि बैठक में अनुपस्थित रहने वाले व्यापारियों प्रशांत सेठिया, दिनेश वर्मा, कलाम, जानू वसीम एवं रमेश गुप्ता को इस वर्ष अनुमति सूची से बाहर रखा गया है। गुरूवार को नगर पालिका द्वारा स्टेडियम परिसर में मार्किंग एवं लाइनिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया। सभी दुकानों को क्रमवार अंकित किया गया है। साथ ही अग्निशमन वाहन, जल टैंकर और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने बताया कि दीपावली के दौरान नगर पालिका द्वारा सुरक्षा, ⏭ शेष पेज 4 पर

### क्षमता से अधिक सामान...



**बैकुण्ठपुर।** फेरी वालों के द्वारा दुपहिया वाहनों में क्षमता से अधिक सामान लेकर सड़कों पर सरपट दौड़ते हैं, जो स्वयं के साथ दूसरो के लिए दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, ऐसी फेरी वाले शहर के बीच से लेकर घाटी वाले क्षेत्रों में भी बेधड़क आवाजाही करते है।

## खाना बनाने को लेकर विवाद में युवक ने बड़े भाई का घोंटा गला

**सीतापुर।** खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में युवक ने अपने ही बड़े भाई की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी युवक भाई की हत्या करने के बाद खुद भी कमरे में सो गया। सुबह जब पिता ने बेटे को जगाने का प्रयास किया तो वह नहीं उठा जिसके बाद उसकी मौत का पता चल सका।

इस मामले में पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही आरोपी को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत खड़ा दोरना सरनापारा निवासी रामचरण लकडा अपने बेटे 20 वर्षीय अमोस लकड़ा और 19 वर्षीय निलेश लकड़ा के साथ रहता था जबकि उसका सबसे बड़ा बेटा उमेश लकड़ा मुंबई में कमाने खाने गया हुआ है। 14 अक्टूबर को तीनों पिता पुत्र अपने अपने काम कर चले गए थे। मृतक अमोस लकड़ा ट्रैक्टर चलाने चला गया था। शाम को अमोस और राम चरण लकड़ा घर लौट और खाने में चावल चटनी खाकर सो गए थे। इस दौरान देर रात को जब निलेश घर लौटा तो खाना नहीं बचा था। इसी बात को लेकर अमोस लकड़ा और निलेश के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद के दौरान निलेश ने अपने बड़े भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। चूंकि अमोस शराब के नशे में था इसलिए वह विरोध भी नहीं कर पाया। इधर भाई की हत्या कर युवक भी घर में सो गया जबकि घर में सो रहे पिता को इस घटनाक्रम की भनक तक नहीं लग सकी।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की समीक्षा बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा आईएएस केबिनेट मंत्री ने कहा कि पिछड़े वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए सभी विभागों का समन्वित प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब तक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सशक्त समाज की कल्पना अधूरी रहेगी। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में श्री विश्वकर्मा ने विभागवार योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाए। बैठक में आयोग के सदस्य यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर गुप्ता, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी ⏭ शेष पेज 4 पर

## बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग एवं शैक्षणिक उन्नयन, शिक्षा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में तथा आईक्यूएसी के मार्गदर्शन में बौद्धिक संपदा अधिकार का महत्व वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष व संयोजक डॉ. पवन कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सागर कुमार जायसवाल, विधि विभाग, गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 221 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चता एमए अर्थशास्त्र की छात्राओं प्रियंका, सुष्मा, रूबी एवं राजकुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सुमित कुमार डे ने कार्यशाला के विषय पर सारगर्भित विचार रखे। मुख्य वक्ता डॉ. सागर कुमार जायसवाल ने अपने व्याख्यान में पेटेंट, कॉपीराइट, मानवाधिकार, ट्रिप्स, ट्रिम्स एवं विश्व व्यापार संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी देश की प्रगति बौद्धिक संपदा अधिकार की समझ और सम्मान पर निर्भर करती है। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों का सहज और सरल उत्तर देकर विषय की गहराई स्पष्ट की। संयोजक डॉ. पवन कुमार उपाध्याय ने भी बौद्धिक संपदा अधिकार की उपयोगिता और आर्थिक विकास में उसकी भूमिका पर विचार रखे।

समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. कच्छप ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन कुमार उपाध्याय ने किया और आभार प्रदर्शन वरूण कुमार कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमए अर्थशास्त्र की छात्राएं देवंती राजवाड़े, प्रिया, पूजा यादव, विधा सिंह, सीमा, शालू तिर्की एवं पूजा का विशेष योगदान रहा।




### बर्तन की कई नई-नई वेरायटी आई

# धनतेरस के लिए सजा बाजार, कल जमकर होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कार्तिक माह में प्रमुख रूप से दीपावली का पर्व मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत धनतेरस से शुरू होती है, इसे लेकर बाजार भी सज गए हैं।

धनतेरस के अवसर पर लोगों के द्वारा जमकर जरूरत की सामग्री खरीदी करते हैं, प्रत्येक घर के सदस्य कुछ न कुछ धनतेरस के शुभअवसर पर खरीदी जरूर करते हैं। यही कारण है कि बाजार में धनतेरस के दिन जमकर भीड़-भाड़ रहती है और विभिन्न सामनों की बिक्री भी जमकर होती है। हालांकि इसके पूर्व पुष्य नक्षत्र में भी लोगों ने खरीदी की, लेकिन असली खरीदी धनतेरस के दिन होगी। कल 18 अक्टूबर को धरतेरस हैं और इसके लिए शहर का बाजार पूरी तरह से सज गया है। विभिन्न दुकानदारों के द्वारा भरपूर स्टाक मंगा रखे हैं और अपनी दुकानों के बाहर भी सामनों को सजाने का कार्य किया जा रहा है। धनतेरस के अवसर पर सबसे अधिक खरीदी बर्तनों की होती हैं, इसे देखते हुए शहर के कई स्थानों पर स्थाई रूप से बर्तनों की दुकान लगाने का काम शुरू हो रहा है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष 18 अक्टूबर को धनतेरस का शुभ मुहूर्त दोपहर 12:19 बजे से प्रारंभ होगी। इस दिन पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र के साथ ब्रम्ह योग का संयोग बन रह है, जो खरीदी के लिए शुभ मुहूर्त है। जानकारी के अनुसार धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी के साथ भगवान धनवंतरी की पूजा की जाती है, इनकी पूजा करने ⏭ शेष पेज 4 पर




#### वाहनों की बुकिंग पूर्व से

शहर में कई कंपनियों के दुपहिया शो रूम में धनतेरस को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न कंपनियों के दुपहिया वाहन की विभिन्न रेंज की भरपूर स्टॉक मौजूद हैं और ग्राहकों को लुभाने के लिए वाहनों की खरीदी पर नगद छूट के साथ कई आकर्षक योजनाओं से ग्राहकों को लूभा रहे हैं। वहीं कई लोग शुभ मुहूर्त में वाहनों की खरीदी के लिए कई दिनों पूर्व से ही वाहनों की बुकिंग कर चुके हैं।

#### जीएसटी छूट से लोगों में उत्साह

इस वर्ष दीपावली पूर्व से जीएसटी छूट से व्यापारियों को अच्छा व्यापार होने की उम्मीद है, वहीं लोगों में भी विभिन्न सामानों की खरीदी को लेकर उत्साह है। शहर में विभिन्न तरह के बाजार सजकर तैयार हो गए हैं, जहां इस बार धनतेरस के अवसर पर जमकर बाजार में धन वर्षा होने की उम्मीद व्यापारियों को है।



### कोरिया टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय इकाई के निर्देशानुसार जिला प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े, जिलाधीश कोरिया एवं जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव (छत्तीसगढ़ शासन)व संचालक (लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर)के नाम कलेक्टर तथा डीईओ कोरिया को ज्ञापन सौंपा गया। प्रांतीय सह सचिव अशोक कुर्रे ने मांगो के संबंध में बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितंबर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। छग शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छग राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्ते नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है, इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा ⏭ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप



## स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद विषय पर संगोष्ठी

**रामानुजनगर।** रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद थीम के साथ आयुष विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय मे समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयुष टीम के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके त्रिपाठी, डॉ. आरके शुक्ला, डॉ. सीमा त्रिपाठी द्वारा आयुर्वेद की महत्ता, आयुर्वेद जीवन शैली पर व्याख्यान दिया। आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा ऋतुचर्या आहार विहार, किशोरी स्वास्थ्य पर परिचर्चा कर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान किया। संगोष्ठी में रामकुमार साहू, श्रीमती चित्रलेखा सिंह, उत्तम प्रकाश, कन्हैयालाल, पुनीत विजय टोप्पो, आयुर्वेद फार्मासिस्ट अर्चना पांडे, शिवपूजन गुप्ता, आशीष कुमार मेहर, श्रीमती स्वाति, अश्वनी सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रविशंकर कुर्रे उपस्थित रहे।

## टीवी मरीजों को वितरण किया गया पोषण किट व दवाइयां




**भैयाथान।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड भास्करपारा कोल माईन के सौजन्य से विकासखंड भैयाथान एवं ओड़गी के कुल 65 टीबी मरीजों को पोषण किट और दवाइयों का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड भास्करपारा कोल माईन ने सभी 65 मरीजों को एक वर्ष के लिए गोद लिया है। इस अवधि में प्रत्येक माह मरीजों को पोषण किट और आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.केडी पैकरा, जिला टीबी अधिकारी डॉ.जेएस सरोता, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.राकेश सहित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीनियर जीएम डी पात्रा, एजीएम विजय कुमार, मैनेजर पीके सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## बर्तन दुकान का दरवाजा तोड़ नकदी समेत 50 हजार के सामानों की चोरी

**बिश्रामपुर।** नगर के रेलवे स्टेशन चौक स्थित हरीश मेटल बर्तन दुकान के पिछले हिस्से के लगे दरवाजे को तोड़कर अज्ञात चोरों ने गल्ले में रखे 4 हजार रुपये नगदी रकम समेत करीब 45 हजार से अधिक कीमत के अलग अलग प्रकार के बर्तन अपने साथ ले गए हैं।घटना की जानकारी दुकानदार को दूसरे दिन लगी, जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो पाया कि चोर दुकान के पिछले हिस्से में लगी लकड़ी के दरवाजे का हिस्सा तोड़कर भीतर प्रवेश किए और दुकान से फूल और कांसे का बर्तन सहित गल्ले में रखा 4 हजार के करीब नगदी रकम साथ ले गए हैं,दुकान संचालक दुर्गा राजवाड़े ने मामले की लिखित सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी है।

### छोटे दुकानदारों का कारोबार चरमराया

# ऑन लाइन शॉपिंग के बढ़ते दायरे ने छोटे दुकानदारों की तोड़ी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में इन दिनों व्यापारी ऑनलाइन खरीदी का मार झेल रहे है। त्योहारों के इस सीजन में जहां पहले बाजार में ग्राहकों की रौनक होती थी वहीं ऑनलाइन खरीदी के बाद बाजार की रौनक फीकी पड़ गई है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ते दायरे ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी और व्यापारियों की आर्थिक स्थित कमजोर होता जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण व्यापार का ऑनलाइन होना बताया जा रहा है।

शहर सहित आसपास क्षेत्रों में ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता दायरा छोटे दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। शहर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग की जाती है। ऐसे में स्थिति ऐसी निर्मित हो गई है कि घर के बगल के दुकान में जो सामान आसानी से उपलब्ध हो सकता है, उसे भी ऑनलाइन खरीदा जा रहा है। जिले के अन्य छोटे बड़े नगर के व्यापारी को त्यौहार के इस सीजन में अच्छे व्यापार होने की उम्मीद होती है परंतु ऐसा नजर नहीं आ रहा। नगर के मुख्य मार्केट समेत बाजार में जहां त्योहार के सीजन में खरीदारी करने ग्राहकों की भीड़ होती थी वहीं अब बाजार में सन्नाटा छाया रहता है। व्यापारियों की माने तो जब से ऑनलाइन खरीदी शुरू हुई है तब से इसका असर व्यापार पर पड़ा है। हर कोई आज ऑनलाइन शॉपिंग कर रहा है। कुछ भी खरीदने के लिए वे अपना मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। बेशक उसमें कोई खरीदने की समझ न हो लेकिन फटाफट ऑर्डर कर देते हैं। ऑनलाइन खरीदी में अगर पहले पेमेंट कर दे और सामान गलत भी भेज देते है जिससे खरीदार को पछताना पड़ता है। त्यौहार के इस सीजन में सेल लगने का झांसा दिया जा रहा जिसमें लोग लालच में आ जाते है जिसका खामियाजा छोटे दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि एक समय सूरजपुर सहित जिले के अन्य शहरों की दुकानदारी की ऐसी स्थिति थी कि कोई छोटा दुकान कर के भी अपनी आजीविका आसानी से चला लेता था।

आसपास के दर्जनों गांव से ग्राहक बड़ी संख्या में पहुंचते थे, परंतु बीते कुछ साल में जिस प्रकार से ऑनलाइन मार्केटिंग का दायरा बढ़ गया वैसे-वैसे छोटे दुकानदारों की दुकानदारी भी कम होती गई। शहर में कई दुकान बीते कुछ वर्षों में खुला वहीं कई बंद हो गए। पहले बेरोजगार युवाओं को जब नौकरी नहीं मिलता था तो वे दुकान खोलकर आजीविका चला लेते थे लेकिन अब ऑनलाइन शॉपिंग होने के कारण दुकान खोलकर आजीविका चलाना भी मुश्किल हो गया है।

**खास बात**

- ग्राहकों की कमी से बाजार की रौनक फिका, दुकान संचालक परेशान




शहर में संचालित दुकान में पसरा सन्नाटा।

### महिलाएं करती हैं सबसे अधिक ऑनलाइन शॉपिंग

महिलाओं द्वारा सबसे अधिक ऑनलाइन शॉपिंग की जाती है। पुरुष भी ऑनलाइन सामान मंगाते हैं परंतु पुरूषों की तुलना में महिलाएं ऑनलाइन सामान ज्यादा मंगाती है। यदि ऑनलाइन की जगह स्थानीय दुकानों से सामान लेने लगे तो बाजार की रौनक न सिर्फ वापस लौट आएगी बल्कि बाजार गुलजार हो जाएगा।

### क्या कहते है व्यवसायी

#### बिक्री में आई कमी



मोबाइल दुकान संचालक कार्तिक गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के कारण दुकानदारों की बिक्री में काफी कमी आई है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर डिस्काउंट और ऑफर के कारण ग्राहक बाजारों की दुकानों से खरीदारी करने के बजाय ऑनलाइन खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं जिससे दुकानदार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

#### ग्राहक हुए कम



गिफ्ट कार्नर संचालक अंजय जैन ने बताया कि पहले दुकानदारी बहुत अच्छी थी परंतु धीरे धीरे जिस प्रकार से ऑनलाइन का दायरा बढ़ रहा है उससे दुकानदारी काफी प्रभावित हुई है। त्यौहार के सीजन में ग्राहकों की भीड़ होती थी लेकिन अब पहले की अपेक्षा ग्राहक काफी कम हो गए है। जबकि त्यौहार को लेकर विभिन्न प्रकार के गिफ्ट आइटम लाया था परंतु बिक्री अपेक्षा अनुरूप नहीं है।

#### ऑनलाइन शॉपिंग में ग्राहकों की दिलचस्पी



कपड़ा व्यवसाय आशीष अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग के चलते पूरे शहर की दुकान प्रभावित हुई है जिसका खामियाजा दुकानदार भुगत रहे हैं। त्यौहार के मद्देनजर हम लोग मार्केट को देखते हुए आधुनिक रंग डिजाइन के कपड़े ला रहे हैं। बावजूद इसके ग्राहक का ऑनलाइन शॉपिंग में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं जिससे व्यवसाय पर असर पड़ा है।

#### दुकानदारी पर पड़ रहा असर



बूट हाउस दुकान संचालक दिनेश कुमार जैन ने बताया कि ऑनलाइन खरीदी से सबसे अधिक फूट वियर पर पड़ा है। बच्चों से लेकर बड़ो एवं महिलाओं के लिए लोग अब दुकान के बजाय जूता, चप्पल, सैंडल यहां तक की बच्चों के लिए भी ऑनलाइन शॉपिंग करते है। हम लोग प्रिंट से भी कम में देने को तैयार हैं उसके बाद भी ग्राहक कम हो गए है। जिसका असर दुकानदारी पर पड़ रहा है।



## पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने समाज प्रमुखों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने आज विभिन्न पिछड़ा वर्ग के समाजों के प्रमुखों से मुलाकात कर समाज की समस्याओं, कल्याणकारी योजनाओं और विकास के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य भी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने समाज प्रतिनिधियों से सामुदायिक भवन, बच्चों की शिक्षा के स्तर एवं समाज द्वारा विद्यार्थियों के कल्याण की दिशा में किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों द्वारा किए जा रहे अच्छे पहल से सीख लेकर पिछड़ा वर्ग को भी अपने आर्थिक और सामाजिक उन्नयन की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग को विकसित समाज बनाने के लिए सभी को मिल जुल कर, समग्र दृष्टिकोण से कार्य करना होगा। इसके लिए सामूहिक योजना बनाकर यह तय किया जाए कि किन-किन क्षेत्रों में पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मानसिकता में परिवर्तन लाना होगा। राज्य के बाहर के लोग यहां आकर व्यवसाय कर रहे हैं, जबकि हमारे समाज के लोग संसाधनों के बावजूद पिछड़े हैं। हमें अपने संसाधनों का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनना होगा।। उन्होंने कृषि, पशुपालन, उद्यमिता एवं कौशल विकास से जुड़ी पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में समाज के लोगों को अधिक से अधिक जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न समाज प्रमुखों ने भी अपनी मांगें रखीं। कुशवाहा समाज के प्रतिनिधि सुनील कुमार कुशवाहा ने समाज के युवाओं के उन्नयन की आवश्यकता पर बल देते हुए जिला स्तरीय सामुदायिक भवन की मांग की।

सर्व यादव समाज के प्रतिनिधियों ने ओबीसी आरक्षण को लेकर अपनी बात रखी और गौधाम योजना में यादव समाज को प्राथमिकता देने की मांग की। नाई समाज के प्रतिनिधि नरेंद्र ठाकुर एवं बसंत लाल ठाकुर ने कौशल विकास हेतु वर्कशॉप और प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की। कुम्हार समाज के प्रतिनिधि दिनेश कुमार प्रजापति ने भी समाज की समस्याएं रखते हुए योजनाओं से अधिक लाभ दिलाने की बात कही।

- शिक्षा, रोजगार, सामुदायिक भवन आवश्यकता व आरक्षण जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा



## मां-बेटी को डीएलएसए ने दिलाई राहत, बेटे को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में कराया दाखिल

**सूरजपुर।** जिस बेटे से मां ने बुढ़ापे में सहारे की उम्मीद की थी, उसी ने नशे के गिरफ्त में आकर उन्हें और उनकी छोटी बेटी को दहशत के माहौल में जीने को मजबूर कर दिया। आए दिन की मारपीट, गाली-गलौज और नशे के लिए पैसों की मांग से तंग, मां-बेटी को आखिरकार घर से ही निकाल दिया, लेकिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस लाचार मां के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा और न केवल उन्हें सुरक्षा दिलाई, बल्कि बेटे को भी इलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल कराया।

माँ-बेटी को जब पीएलव्ही उमेश कुमार के माध्यम से पता चला की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विधिक सलाह और सहायता उपलब्ध कराता है, तो वे अपनी समस्या लेकर डीएलएसए कार्यालय पहुंची। उन्होंने अपनी पूरी व्यवस्था सचिव पायल टोपनो को बताई। सचिव पालय टोपनों ने मां की आर्थिक कमजोरी और बेबसी को समझते हुए तत्काल संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकार मित्र को पीडित मां की ओर से नशा मुक्ति केंद्र में दाखिले हेतु तुरंत आवेदन तैयार करने मदद करने के निर्देश दिए। आवेदन मिलते ही सचिव पायल टोपनो ने बिना देर किए थाना प्रभारी को पत्र जारी किया।

## जिले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन हेतु मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जिला अध्यक्ष के चयन हेतु संगठन सृजन अभियान के तहत सरगर्मी बढ़ गई है। जिले में अध्यक्ष के चयन हेतु पर्यवेक्षकों की टीम बलरामपुर जिले में पहुंचेगी। एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक 16 व 17 अक्टूबर को जिला व ब्लॉक स्तरीय बैठक करने के साथ ही कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष के चयन हेतु रायशुमारी करने के साथ ही छह नामों का पैनल तैयार किया जाएगा। बता दें कि संगठन सृजन अभियान के तहत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में जिला अध्यक्ष के चयन हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा विकास ठाकरे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उनके साथ टीम में खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, पूर्व विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी साहू को शामिल किया गया है। पर्यवेक्षकों की टीम 16 अक्टूबर को जिले में आ रही है। इस दौरान पहले दिन रघुनाथनगर, वाड्रफनगर, रामचंद्रपुर, रामानुजगंज में ब्लॉक बैठक आयोजित की जाएगी। दिनभर की बैठकों के पश्चात शाम 5 बजे बलरामपुर मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी, सभी ब्लॉकों एवं अग्रिम संगठनों की संयुक्त बैठक रखी गई है। इस बैठक में संभावित प्रत्याशियों से व्यक्तिगत संवाद तथा आवेदन पत्र संग्रह की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके अतिरिक्त शाम 7 बजे सामाजिक एवं प्रोफेशनल समूहों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष संवाद बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कांग्रेस की नीतियों, संगठनात्मक दृष्टिकोण और स्थानीय जन समस्याओं पर चर्चा होगी। 17 अक्टूबर को राजपुर, शंकरगढ़, चांदो, कुसमी ब्लॉक बैठक भी वहीं संपन्न होगी। इन बैठकों में ब्लॉक संगठन की मजबूती, प्रचार-प्रसार की रणनीति और बूथ स्तरीय कार्ययोजना पर विशेष चर्चा होगी।

- पर्यवेक्षकों की टीम करेगी ब्लॉक का दौरा

### संगठनात्मक मूल्यांकन और संभावित नेतृत्व परिवर्तन

सूत्रों के अनुसार, इन बैठकों के माध्यम से न केवल संगठनात्मक स्थिति का आकलन किया जाएगा बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों की स्थिति का भी मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही, पार्टी के अंदर संभावित नेतृत्व परिवर्तन पर भी चर्चा संभव है।

## व्यवसाय के नाम पर तीन लोगों से ऑनलाइन ठगी

**बिश्रामपुर।** चिकन खरीद बिक्री के नाम पर तीन लोगों से आनलाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है,गौरतलब है कि ग्राम रविंद्रनगर निवासी सूरज सरकार जो महावीरपुर कालीघाट में चॉइस सेंटर का संचालन करता है एवं देवनाथ व कालीघाट निवासी एक युवक के साथ चिकन व्यवसाय सम्बन्धी खरीद बिक्री करने के नाम पर हजारों रुपए की ऑनलाइन ठगी की घटना को अज्ञात लोगों द्वारा अंजाम दिया गया है,मामले में ठगी के शिकार हुए एक युवक को उसकी रकम वापस मिल जाने की बात कही जा रही है,जबकि दो अन्य ऑनलाइन ठगी के शिकार युवकों द्वारा मामले की शिकायत साइबर सेल व जयनगर थाना में की गई है,मामले में पुलिस द्वारा ऑनलाइन ठगी करने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## अग्रसेन भवन में आरएसएस का कुटुंब मिलन कार्यक्रम

**बिश्रामपुर।** अग्रसेन भवन में आयोजित कुटुम्ब मिलन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुनील कुलकर्णी संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख ने कहा कि संघ 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष मना रहा है,संघ ने निस्वार्थ सेवा अनुशासन,राष्ट्र सर्वोपरि के मूल्य पर आधारित सामाजिक समरसता,पर्यावरण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है,उन्होंने शताब्दी वर्ष के प्रमुख सात कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला,उन्होंने कुटुंब प्रबोधन पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुटुंब प्रबोधन पारिवारिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।हमें अपने से निम्न चार-पांच वर्ग के व्यक्तियों से संपर्क कर सहज रूप से समाज में पारिवारिक प्रेम की भावना एवं समरसता लाना है।


शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के अंतर्गत स्वदेशी,सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य एवं कुटुंब प्रबोधन के बारे में उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि पंच परिवर्तन से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन के साथ उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है।

## 64 लाख का राशन घोटाला, आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**अम्बिकापुर।** शहर की तीन राशन दुकानों से 64 लाख के राशन की हेराफेरी करने के मामले में सत्र न्यायाधीश ने समिति के अध्यक्ष पवन सिंह की अग्रिम जमानत की याचिका निरस्त कर दी है। जन कल्याण खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति द्वारा वर्षों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तीन शासकीय राशन दुकानों का संचालन किया जा रहा है। सहायक खाद्य निरीक्षक शिव कुमार मिश्रा ने सितम्बर 2022 से 31 मार्च 2024 तक के राशन भण्डारण एवं वितरण का भौतिक सत्यापन किया गया तो 1631.29 क्विंटल चावल, 10.43 क्विंटल शक्कर एवं 48.34 क्विंटल चना कम मिला जिसकी कीमत 64 लाख निकली।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सहायक खाद्य निरीक्षक ने कोतवाली थाने में राशन दुकानों का संचालन करने वाली समिति के अध्यक्ष पवन सिंह आ. दीप नारायण सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा सहित अन्य आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली पुलिस मामले में धारा 420, 409, इसी एक्ट की धारा 3, 7 का मामला पंजीबद्ध किया है। मामले में पुलिस की गिरफ्तारी से बचने आरोपी पवन सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी जिसकी सुनवाई 10 अक्टूबर को की गई थी। सोमवार को विशेष न्यायाधीश मनीष दुबे ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया। लाखों का राशन हड़पने के मामले में कोतवाली पुलिस ने समिति के अध्यक्ष पवन सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता पैकरा, सहायक विक्रेता फरहान सिद्दीकी, प्रिंस जायसवाल, सैफ अली एवं मुकेश यादव के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।


### शब्द पहेली - 6021



**बाएँ से दाए**
1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम, चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

**शब्द पहेली - 6020 का हल**



### सूडोकु नवताल - 6031

✱✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## खबर संक्षेप

### स्टेनोग्राफर एवं टाईपिंग परीक्षा के लिए आवेदन 30 तक

**बैकुण्ठपुर।** छग में शीघ्रलेखन (स्टेनोग्राफर) एवं मुद्रलेखन (टाईपिंग) कम्प्यूटर कौशल परीक्षा के लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन किए जा सकते हैं। हिन्दी एवं अंग्रेजी स्टेनोग्राफी में 100 शब्द प्रति मिनट की गति एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन में 5 हजार, 8 हजार, 10 हजार की-डिप्रेशन प्रति घंटा की गति के लिए यह परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इस संबंध में जरूरी जानकारी और आवेदन शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कौशल परीक्षा परिषद् की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। इस परीक्षा में 10 वीं कक्षा पास और 16 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। कौशल परीक्षा परिषद् से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को अपनी सभी प्रविष्टियां भली भाँति जांच समझकर एवं स्वयं संतुष्ट होने के बाद ही सम्मिट करना चाहिए। एक बार आवेदन सबमिट कर देने के पश्चात संशोधन इत्यादि के लिए पृथक से कोई समय नहीं दिया जाएगा। परिषद द्वारा यथा संभव परीक्षा केन्द्रों में उपलब्ध कम्प्यूटर सिस्टम के अनुपात में निकटतम परीक्षा केन्द्र आवंटित करने का प्रयास किया जाएगा। परीक्षार्थी को उसी आवंटित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देनी होगी।

### मुसाफिर पंजी में दर्ज होने लगा रिकॉर्ड

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री वष्णुदेव साय द्वारा हाल ही में आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के साथ ही मुसाफिर पंजी के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया था कि गांवों में बाहरी राज्यों एवं शहरों से आने वाले व्यक्तियों का पूरा ब्यौरा संधारित किया जाए वे किस उद्देश्य से आए हैं, कहां से आए हैं, कितने समय के लिए रूके हैं, तथा उनका नाम, पता, आधार और मोबाइल नंबर इत्यादि जानकारी कोटवार के पंजी में दर्ज की जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के त्वरित अनुपालन में तहसील सोनहत में सभी 79 कोटवारों द्वारा मुसाफिर पंजी संधारित किया गया है। पंजी का निरीक्षण संबंधित पटवारी एवं कानूनगो द्वारा किया गया है, जिससे दर्ज जानकारी का सत्यापन सुनिश्चित हुआ है। इन पंजियों में बाहरी शहरों एवं राज्यों से आने वाले फेरीवाले, बर्तन बेचने वाले, श्रृंगार सामग्री विक्रेता सहित अन्य मुसाफिरों का विवरण नियमित रूप से दर्ज किया जा रहा है।

### ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत रिक्त पद हेतु परीक्षा 24 को

**अम्बिकापुर।** कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक एवं लेखा सह एमआईएस सहायक कुल 18 रिक्त पदों हेतु सभी पात्र उम्मीदवारों के मूल दस्तावेजों (सभी अंक सूची, अनुभव एवं सैलरी से संबंधित मूल दस्तावेज, जाति प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र आदि) का परीक्षण एवं सत्यापन उपरांत, पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार एवं कौशल-लिखित परीक्षा का आयोजन 24 अक्टूबर को शासकीय लाइवलीहुड कॉलेज अंबिकापुर में किया गया है। जिसमें में लेखा सह एमआईएस सहायक (06-पद) हेतु कौशल परीक्षा प्रातः 10.30 बजे से, विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक (02-पद) हेतु साक्षात्कार दोपहर 12 बजे से एवं क्षेत्रीय समन्वयक (10-पद) हेतु कौशल-लिखित परीक्षा दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है।

## ग्राम पंचायत उदारी के चलगली जंगल में हुआ सामना

# दोस्तों के साथ घर लौट रहे युवक की दंतैल ने कुचलकर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

लम्बे समय से लुण्ड्रा जंगल में अकेले घूम रहे दंतैल ने बीती रात ग्राम चलगली में एक युवक की कुचल कर जान ले ली। युवक अपने दो साथियों के साथ चलगली के रास्ते अपने घर लौट रहा था इसी दौरान युवक का दंतैल से सामना हो गया। दंतैल द्वारा युवक पर हमला करने के दौरान उसके दो साथियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

**खास बातें**
- 30 हाथियों का दल पहुंचा पुरकेला जंगल
- कोरवापारा बस्ती को कराया गया खाली

वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा में अप्रैल महीने से ही एक दंतैल आसपास के जंगलों में भ्रमण कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार भ्रमण के दौरान दंतैल कई बार मुख्यमार्ग एवं आसपास के गांवों में पहुंचा लेकिन कभी कोई क्षति नहीं पहुंचाई। उसने न तो कभी घरों में तोड़फोड़ किया न ही किसी पर हमला बोला। गर्मी के मौसम में दंतैल को कई बार मुख्य मार्ग एवं आबादी क्षेत्र में ग्रामीणों ने उसे पका आम तोड़ते एवं खाते देखा है। इस दौरान जानकारी के अभाव में ग्रामीण कई बार पास से गुजरे लेकिन दंतैल ने कभी किसी पर हमला करने की कोशिश नहीं की। दंतैल भूख मिटाने के लिए धान व मक्का की फसल को थोड़ा बहुत नुकसान पहुंचाता था। सोमवार को दंतैल वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर अंतर्गत बकना जंगल में मौजूद था। सोमवार को 30 हाथियों के शहर के निकट महामाया पहाड़ पर पहुंचने के दौरान पूरा वन अमला सुरक्षा में तैनात था। हाथियों के महामाया पहाड़ पर दस्तक देने के बाद लोनर दंतैल सोमवार की शाम को ही बलरामपुर वन मंडल के सीमावर्ती बकना जंगल की ओर चला गया तथा बीती रात वापस लौट रहा था। बताया जा रहा है कि मृतक मंगलवार को अपने खेत की जोताई कर रहा था। इस दौरान उसने दंतैल के टमाटर की फसल खाते वीडियो भी वनकर्मियों को भेजी थी। वनकर्मियों को भी दंतैल के बकना जंगल से लौटने की सूचना थी। वनकर्मी दंतैल के पीछे-पीछे चलकर उसकी निगरानी करने एवं आसपास के गांवों में दंतैल की मौजूदगी की सूचना देने का भी दावा कर रहे हैं। वन अधिकारियों का कहना है कि रात्रि 8.30 बजे ग्राम चलगली निवासी अजय पैकरा आ.नेतराम पैकरा (19वर्ष) अपने दो दोस्तों के साथ मोबाइल की रोशनी में बात करते जंगल के रास्ते लौट रहा था इसी दौरान दंतैल से उसका सामना हो गया। दंतैल ने उसे अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया तथा पैरों से कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।


परिजन को सहायता देती वन अधिकारी।

### एक ही दिन दो मौतें

शहर से सटे लालमाटी में मंगलवार को वीडियो बनाने के दौरान हाथियों ने दोपहर 1.30 बजे एक युवक की कुचलकर जान ले ली थी। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा 30 सदस्यीय हाथियों को देखने पहुंचे थे तथा वन एवं पुलिसकर्मियों द्वारा मना करने के बावजूद हाथियों के निकट पहुंच जा रहे थे। लालमाटी का घटनास्थल भी वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा का हिस्सा है। दूसरी घटना ग्राम पंचायत उदारी अंतर्गत ग्राम चलगली में रात्रि 8.30 बजे घटित हुई। मृतक अपने साथियों के साथ कहा गया था इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

### अभी नहीं टला है खतरा

30 हाथियों का दल मंगलवार को वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा के चेंद्रा जंगल से वापस वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर के पुरकेला जंगल में लौट आया है। पुरकेला जंगल से कुछ दूरी पर लुण्ड्रा जंगल की सीमा है। हाथियों के आसपास के आबादी क्षेत्रों में पहुंचने की संभावना पर वनकर्मियों ने पूरे दिन ग्रामीणों को सतर्क किया तथा आवश्यकता पड़ने पर घरों को खाली कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की सलाह दी। विभाग ने पास के कोरवा पारा बस्ती को खाली करा दिया है। वन अधिकारी हाथियों के बतौली, सीतापुर जंगल के रास्ते जशपुर जंगल की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हाथियों के लुण्ड्रा जंगल जाने अथवा वापस लालमाटी जंगल लौटने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### किया जा रहा सतर्क

30 हाथियों का दल पुरकेला जंगल में मौजूद है। हाथियों के भ्रमण को देखते हुए आसपास के ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। हाथियों के सीतापुर जंगल की ओर जाने की संभावना है। ग्राम चलगली में मृतक युवक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की है।

**-जैनी ग्रेस कुजूर**, उप वन मण्डलाधिकारी

## लूट कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने पांच साल बाद मुंबई से किया गिरफ्तार



**शंकरगढ़।** थाना शंकरगढ़ क्षेत्र में 2020 में घटित लूट कांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का उपयोग करते हुए मुंबई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी रीवा अंतर्गत जवा थाना क्षेत्र इटवारा निवासी संजय कुमार मिश्रा आ. बैजनाथ मिश्रा (38 वर्ष) पिछले पांच वर्षों से फरार था और अपनी पहचान छिपाकर मुंबई में रह रहा था। इधर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 392, 420, 120 के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

पुलिस के मुताबिक शंकरगढ़ निवासी रूपेश कुमार अग्रवाल आ. स्व. ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा 11 दिसंबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया था कि 10 दिसंबर 2020 को पूजा सामग्री के विसर्जन के बहाने बुलाकर बाबा संजय शर्मा उर्फ सच्चिदानंद एवं उनके साथियों ने घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए थे। घटना के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस द्वारा लगातार अनुसंधान और तकनीकी निगरानी करते हुए अंततः टीम ने आरोपी की मुंबई में होने की जानकारी मिली। पुलिस की विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी शंकरगढ़ जितेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय रही।

## पटाखा दुकानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित दिशा निर्देश जारी

**अम्बिकापुर।** दीपावली त्यौहार के अवसर पर आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु मुख्यालय स्तर से जारी निर्देश के अनुक्रम में फटाका विक्रेताओं से लायसेंस जारी किये जाने से पूर्व आश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। जिला अग्निशमन अधिकारी एवं जिला सेनानी नगर सेना द्वारा दिशा निर्देश जारी कर बताया गया है कि फटाका दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा बांस रस्सी टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टीन शेड द्वारा निर्मित होने चाहिए, फटाका दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए, फटाका दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार का तेल का लैम्प गैस एवं खुली बिजली बत्तियों का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए, किसी भी फटाका दुकान से 50 मीटर के भीतर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए, विद्युत तारों में ज्वाईंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्टसर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाईटेंशन तार या पावर लाईन न गुजरती हो, प्रत्येक फटाका दुकान में पांच किलो ग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना अनिवार्य है, दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर की क्षमता वाले पानी के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए, फटाका दुकानों के सामने बाइक-कार की पार्किंग प्रतिबंधित होनी चाहिए अग्निशामक वाहन के मुव्हमेंट के लिए व्यवस्था होनी चाहिए।

## मछली पकड़ते समय एनीकट में बहा युवक, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

एनीकट में मछली पकड़ने गया युवक पैर फिसल जाने से एनीकट में गिर गया जिससे पानी के तेज बहाव में बह गया। युवक का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। प्रशासन और स्थानीय लोगों द्वारा तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 14 निवासी काशी भुइंया आ.बैजनाथ भुइंया (25 वर्ष) दोपहर करीब 3.30 बजे मछली पकड़ने एनीकट गया था। युवक मच्छरदानी से मछली पकड़ने का जुगाड़ बनाकर एनीकट के पहले गेट पर बैठकर मछली मार रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और एनीकट में गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने स्वयं को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के चलते वह बहने लगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक को लगभग 100 मीटर तक पानी में



बहते देखा गया, जिसके बाद वह नज़रों से ओझल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई, जिसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। फिलहाल पुलिस और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का कुछ भी पता नहीं चल सका है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों में गहरी चिंता और शोक का माहौल है। यह हादसा एनीकट क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े करते है।

## लाइन मेंटेनेंस के दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

विद्युत लाइन मेंटेनेंस के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आकर तीन मजदूर बुरी तरह से झुलस गए। इस घटना में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दो अन्य श्रमिकों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है वहीं श्रमिकों से बिना सक्षम अधिकारियों व ठेकेदार की निगरानी के काम कराए जाने को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि एक्समेन सिक्यूरिटी सर्विस के द्वारा विद्युत विभाग में मेंटेनेंस कार्य का ठेका लिया गया है और कंपनी के आउट सोर्सिंग कर्मचारी ही विद्युत लाइन सुधार का काम करते है। 14 अक्टूबर को दीपावली मेंटेनेंस कार्य के तहत जेई सचिन कुजूर के निर्देश पर लाइन मेंटेनेंस कार्य के लिए सुबह 10 बजे कर्मचारियों भुनेश्वर दास, सफिर एक्का, संजय सिंह, छोटू लाल टोप्पो, सत्यनारायण टेकाम, संतोष सिंह, पनमेश्वर पैकरा, फलेश्वर सिंह, पुरन सिंह, तुलेश्वर ठाकुर को विद्युत विभाग द्वारा प्रदत्त वाहन में बैठाकर चालक लखनपुर गोरता निवासी 31 वर्षीय दुर्गेश राजवाड़े आ. राम प्रसाद राजवाड़े 33 केवी उदयपुर फीडर का मेंटेनेंस के लिए लेकर गया था। उक्त सभी कर्मचारी तीन तीन के ग्रुप में अपने हिसाब से उत्तर गये और काम करने चले गए थे। इस दौरान तुलेश्वर ठाकुर, सतनारायण टेकाम व सफिर एक्का एक ग्रुप में थे और वे ग्राम जजगा में काम करने के लिए रुके थे। मजदूरों को जजगा में उतारने के बाद चालक बाकी कर्मचारियों को लेकर आगे चला गया। इस दौरान दोपहर 1 बजे ठेकाकर्मी छोटू लाल ने फोन कर चालक को बताया कि तुलेश्वर ठाकुर, सत्यनारायण टेकाम और सफिर एक्का लाइन मेंटेनेंस के दौरान बिजली करेंट की चपेट में आ गए है। ऐसे में चालक दुर्गेश राजवाड़े केशगंवा में काम कर रहे अन्य कर्मचारियों को लेकर तत्काल घटना स्थल पर पहुंचा।



इस दौरान सत्यनारायण टेकाम और तुलेश्वर ठाकुर बेहोश पड़े हुए थे जबकि सफिर होश में था। चालक तीनों को वाहन से लेकर तत्काल लखनपुर सीएचसी पहुंचा जहां चिकित्सकों ने तुलेश्वर ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजन संतुष्टि नहीं होने पर निजी वाहन से उसे लेकर मिशन अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही इस घटना घायल अन्य मजदूरों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

## ग्लोबल हैंड वाशिंग डे पर कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंड वाशिंग डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के छात्राओं ने हैंड वॉशिंग के महत्व पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता फैलाई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता की आदतों के प्रति जागरूक करना और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी देना था। इस प्रक्रिया में बताया गया कि हाथ धोना एक सरल किंतु अत्यंत प्रभावी उपाय है, जो अनेक रोगों से हमारी रक्षा करता है। इस प्रक्रिया को छात्रों द्वारा पोस्टर प्रस्तुति, डांस, और डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सही हैंडवाश की तकनीक दिखाई गई।

विद्यार्थियों ने स्वच्छ हाथ, स्वस्थ जीवन का संदेश देते हुए सभी को नियमित रूप से साबुन और पानी से हाथ धोने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने छात्रों की सराहना की और सभी को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया। यह दिवस न केवल जागरूकता का प्रतीक बना, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरिया जिले में 1 ...

निराकरण प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं को नियंत्रित करने के लिए शासन द्वारा विपणन संघ मुख्यालय स्तर पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना की जा रही है। इसके क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर भी कंट्रोल एंड कमांड सेंटर स्थापित किए जाएंगे। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र प्रभारियों और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान के उचित रख-रखाव, किसानों की सुविधाओं और पारदर्शिता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की किसानों से एक-एक दाना धान खरीदने की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने के लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता और तत्परता अपेक्षित है।

### श्रमवीर स्टेडियम में ...

यातायात और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटाखा दुकानों में केवल लाइसेंस प्राप्त पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी और अवैध या अत्यधिक विस्फोटक पटाखों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने कहा कि दीपावली पर्व चरचा क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रतीक है। नगर पालिका प्रशासन नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूर्णतः सजग है। उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने नगर पालिका के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि लॉटरी प्रणाली से पारदर्शिता बनी रहती है और किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न नहीं होता। श्रमवीर स्टेडियम परिसर में अब पटाखा बाजार की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दुकानदारों द्वारा 18 अक्टूबर से दुकानें लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा बैरिकेडिंग और पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है। जल्द ही चरचा क्षेत्र दीपावली की रौनक से जगमगा उठेगा।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण...

मौजूद रहे। अध्यक्ष ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आयोग का गठन किया गया है। देश में जाति जनगणना की शुरूआत वर्ष 1932 में हुई थी और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग को मिलाकर आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तय की गई है। छग में वर्तमान में 95 जातियां अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में 33 प्रतिशत और पंचायतों में 57 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग की है, जो समाज की मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है।

### धनतेरस के लिए...

से आरोग्यता प्राप्त होती है, इसके साथ ही दीपावली पर्व की शुरूआत हो जाती है, इसके दूसरे दिन रविवार 19 अक्टूबर को छोटी दीपावली तथा इसके बाद बड़ी दीपावली 20 अक्टूबर को भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके पूर्व धनतेरस की खरीदी के लिए शहर के बाजार सज गए हैं। इस अवसर पर शहर के लोगों के साथ आस-पास व दूर-दराज के लोग भी शहर में पहुंच कर खरीदी करते हैं।

### कोरिया टीचर्स एसोसिएशन...

अनिवार्य नहीं था, अतः सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छग शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जावे। पेंशन निर्धारण के लिए सेवा अवधि की गणना संविलियन 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, अतः पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जाए। भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा 16 सितंबर 2009 को तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 अक्टूबर 2010 को आदेश जारी कर 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया गया है, सेवानिवृत होने पर छग में 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का नियम है। ज्ञापन सौंपने के लिए जिला इकाई प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी, प्रांतीय पदाधिकारी एवं सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

TOP IN KORIYA
प्रवेश प्रारंभ
राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)
B.SC. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं (बायो + P.N.T.) न्यूनतम 45% से उत्तीर्ण
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं किसी भी विषय से 40% से उत्तीर्ण
छ.ग. शासन के नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की जानकारी (दिशा-निर्देश) हेतु संपर्क करें
छ.ग. शासन, आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष वि.वि. से मान्यता प्राप्त
स्कॉलरशीप- शासन के नियमानुसार 100% जॉब की गारंटी
पता - होटल गंगा श्री के पीछे वार्ड नं. 01 हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.) मो. 9301618774, 6267331210, 9399620536
mail id- rajwade.inst.nursing@gmail.com website- www.rajwadeinstitute.in

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay Advt.